# प्रधानमंत्री ने सिलक्यारा टनल रेस्क्यू ऑपरेशन को लेकर मुख्यमंत्री धामी से लिया अपडेट

**सिलक्यारा टनल**

**8 मुख्यमंत्री ने उन्हें अवगत कराया कि न्यू ऑस्ट्रियन टनल मेथड से इस सुरंग का निर्माण किया जा रहा है।**



**उत्तरकाशी/टीम एक्शन इंडिया**

उत्तरकाशी में सिलक्यारा टनल में बीते 13 दिनों से फंसे श्रमिकों के स्वास्थ्य को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बेहद संवेदनशील हैं। प्रधानमंत्री मोदी रोजाना सिलक्यारा टनल में फंसे 41 श्रमिक, उनके परिजनों और बचाव कार्य के बारे में मुख्यमंत्री पुष्कर धामी को फोन कर अपडेट ले रहे हैं।

शुक्रवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से बातचीत में प्रधानमंत्री ने बचाव कार्य में उत्पन्न होने वाली बाधा और रुकावट के बारे में विस्तार से जानकारी ली। इस दौरान मुख्यमंत्री ने उन्हें अवगत कराया कि न्यू ऑस्ट्रियन टनल मेथड से इस सुरंग का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस्पात से बनी वस्तुओं के ऑगर मशीन के सामने आने पर कार्य में बाधा उत्पन्न हो रही है। ऐसे में ऑगर मशीन को रोककर और फिर उसे बाहर निकालकर सभी अवरोधों को श्रमिकों द्वारा दूर किया जा रहा है, जिसके कारण इस प्रक्रिया में समय लग रहा है।

मुख्यमंत्री को इस दौरान प्रधानमंत्री ने विशेष निर्देश दिए कि जब श्रमिक टनल से बाहर निकलेंगे तो उनके स्वास्थ्य परीक्षण और चिकित्सकीय देखभाल पर विशेष ध्यान दिया जाए। प्रधानमंत्री ने इस दौरान सुरंग के अंदर फंसे श्रमिकों की स्थिति और उनको दी जाने वाली खाद्य और दैनिक दिनचर्या की वस्तुओं के बारे में जानकारी लेने के साथ ही राहत और बचाव कार्य में लगे श्रमिकों की स्थिति और उनके लिए किए जा रहे सुरक्षा के उपाय के बारे में पूछा और निर्देश दिए कि इसमें किसी तरह की कोई कमी न रहे। उन्होंने बचाव कार्य की प्रगति और किए जा रहे कार्यों के साथ ही विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय और यदि किसी अन्य सहयोग की जरूरत है तो उस पर जानकारी ली। साथ ही श्रमिकों के परिजनों के बारे में जानकारी ली।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री को जानकारी दी है कि सिलक्यारा सुरंग में चल रहे राहत एवं बचाव कार्यों की जमीनी स्तर पर मॉनिटरिंग करने के साथ ही उनके द्वारा मातली में ही अस्थायी मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय स्थापित किया गया है ताकि बेहतर ढंग से पूरे ऑपरेशन की मॉनिटरिंग हो सके। मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि 6 इंच व्यास के पाइप लाइन के सफलता पूर्वक बिछाए जाने के बाद वैकल्पिक लाइफ लाइन बनाई गई है। जिसके माध्यम से टनल में फंसे श्रमिकों तक ताजा पका भोजन, फल, ड्राई फ्रूट्स, दूध, जूस के साथ ही डिस्पोजेबल प्लेट्स, ब्रश, तौलिया, छोटे कपड़े, टूथ पेस्ट, साबुन, आदि दैनिक आवश्यकता की सामग्री बोतलों में पैक कर भेजी जा रही हैं। जिससे श्रमिकों के भोजन एवं पोषण की समस्या को लेकर अब कोई चिंता नहीं है।

# जोशी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा को जन-जन तक पहुंचाने का किया आह्वान



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कार्यकताओं से विकसित भारत संकल्प यात्रा को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हर पात्र व्यक्ति तक सरकार की ओर से संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए केन्द्र सरकार की ओर से विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरूआत की गई है।

मसूरी विधानसभा क्षेत्र में शहीद दुर्गा मल्ल और श्रीदेव सुमन नगर मंडल की ओर से आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा की तैयारियों के संबंध में मंत्री गणेश जोशी ने एक बैठक को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जनजातीय गौरव दिवस के मौके पर झारखंड से "विकसित भारत संकल्प यात्रा" का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में देहरादून में राज्यपाल गुरमीत सिंह और जनपद ऊधमसिंह नगर प्रभारी मंत्री के नाते उनके द्वारा उधमसिंह नगर के सितारगंज से विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया गया था। मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजना की जानकारी और उसका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। इसके लिए पार्टी संगठन और सरकार के बीच समन्वय बनाकर अधिक से अधिक लोगों को यात्रा से जुड़ना है। मौके पर ही उनकी समस्याओं का निस्तारण करवाने के प्रयास करने का पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं से आह्वान किया।

## न्यूज फ्लैश

### उत्पादों के रैपर पर हिन्दू देवी-देवताओं के चित्र छापना सनातन का अपमान: संजय गुप्ता

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**

भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व विधायक संजय गुप्ता ने उत्पादों पर हिन्दू देवी-देवताओं के चित्रों को प्रदर्शित करने पर कड़ी आपत्ति जतायी है। संजय गुप्ता ने कहा कि उत्पादों पर देवी-देवताओं के चित्रों व सनातन के चिह्नों को छापना सनातन का अपमान है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

भाजपा नेता संजय गुप्ता ने बयान में कहा कि कुछ उत्पादों के रैपर पर देवी-देवताओं के चित्र छापे जाते हैं। उनका इस्तेमाल कर उन्हें कूड़े में फेंक दिया जाता है। जोकि देवी-देवताओं का घोर अपमान और सनातन के खिलाफ गहरी साजिश है, जिसके खिलाफ लड़ाई लड़ी जाएगी। उन्होंने सनातन प्रेमी जनता से ऐसे उत्पादों जिन पर हिन्दू देवी-देवताओं के चित्र व सनातन के प्रतीक चिह्न छपे को उन्हें नहीं खरीदने की अपील की।

संजय गुप्ता ने कहाकि केवल हिन्दू धर्म के देवी-देवताओं के चित्रों को ही छापा जाता है। अन्य धर्मों के चिह्नों का इस्तेमाल नहीं किया जाता। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि सनातन को अपमानित करने की किस प्रकार से कोशिश की जा रही है।

वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जनसभा में कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा पनौती कहने पर भी उन्होंने कड़ी आपत्ति जताते हुए इस बयान को राहुल गांधी की मानसिकता का दिवालियापन करार दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के खिलाफ इस प्रकार के शब्दों का प्रयोग देश का अपमान है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की मानसिकता सदैव देश के खिलाफ रही है।

### किसान-मजदूर महापड़ाव में शामिल होने को लेकर की बैठक

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**

संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) के आह्वान पर सभी प्रदेश राजधानियों में राजभवन के समक्ष 26 से 28 नवंबर को होने जा रहे किसान-मजदूरों के महापड़ाव में शामिल होने के लिए अखिल भारतीय किसान महासभा की जिला नैनीताल की बैठक दीपक बोस भवन बिंदुखत्ता में हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए किसान महासभा के प्रदेश अध्यक्ष आनंद सिंह नेगी ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा दिसंबर 2021 में किसानों से किए गए वादों को पूरा करने में विफलता के विरोध में और एमएसपी की गारंटी हासिल करने के संघर्ष को ताकत से उठाने के लिए किसान-मजदूरों का महापड़ाव आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार भारतीय और विदेशी कंपनियों को कृषि और ग्रामीण व्यापार को नियंत्रित करने, महंगे इनपुट बेचने, औने-पौने दाम पर सब फसल खरीदने, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग स्थापित करने और खाद्य बाजार पर एकाधिकार जमाने में मदद करने वाली कॉर्पोरेट समर्थक नीतियों को जारी रखे हुए है। इससे किसान दरिद्र हो रहे हैं। भूमि से बेदखल हो रहे हैं और वे सस्ते श्रम में सिमट गये हैं। इससे किसान गहरे संकट में हैं और एसकेएम की मांगें जायज हैं।

### ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत, पत्नी व बच्चा घायल

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**

लक्सर मार्ग पर ओवरटेक करने के दौरान ट्रैक्टर ट्राली से कुचलकर बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। दुर्घटना में एक महिला और बच्चा घायल हुए हैं। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस के मुताबिक, लक्सर के गांव खेड़ी निवासी अजीम अपनी पत्नी व बच्चों के साथ बाइक से धनपुरा की तरफ से अपने घर आ रहा था। दूसरी तरफ से पथरी थाने में तैनात सिपाही प्रमोद बिष्ट ड्यूटी कर लक्सर से लौट रहे थे। बुक्कनपुर गांव के बाहर लक्सर मार्ग पर प्रमोद को ओवरटेक करने के दौरान अजीम नीचे गिर गया। इसी दौरान ट्रैक्टर ट्राली का पहिया उसके ऊपर से गुजर गया। जिस कारण मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

# स्कूटी चोर को किया गिरफ्तार



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**

पुलिस ने एक स्कूटी चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से चोरी की एक स्कूटी बरामद कीहै।

जानकारी के मुताबिक 2 अगस्त को शिवपुरम पनियाला रोड रुड़की गगनहर क्षेत्र निवासी ज्योति कश्यप पुत्र राम अवतार ने पुलिस को तहरीर देकर स्कूटी चोरी के संबंध में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने चोर की तलाश में घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को चेक किया। काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने शुक्रवार को आरोपित रजत पुत्र सतपाल निवासी ग्राम सालियार रुड़की को

# राजभवन में फिर लटका राज्य विश्वविद्यालय विधेयक, विधानसभा के मानसून सत्र में था भेजा गया



**देहरादून :** राजभवन में राज्य विश्वविद्यालय विधेयक फिर लटक गया है। पूर्व में राजभवन से लौटाए जाने के बाद सितंबर में हुए उत्तराखंड विधानसभा के मानसून सत्र में इसे पारित कर राजभवन भेजा गया था।

राज्यपाल के सचिव रविनाथ रामन के मुताबिक विधेयक को अभी मंजूरी नहीं मिली है। इसे विधि विभाग को परीक्षण के लिए भेजा गया है। उत्तराखंड विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान 11 विधेयक सदन से पारित होने के बाद मंजूरी के लिए राजभवन भेजे गए थे। इनमें से अधिकतर विधेयकों को मंजूरी मिल चुकी है, लेकिन राज्य विश्वविद्यालय विधेयक और निजी विश्वविद्यालय विधेयक को अभी मंजूरी नहीं मिली है। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक पूर्व में तत्कालीन राज्यपाल बेबी रानी मौर्य ने कई आपत्तियों के बाद इस विधेयक को विधानसभा लौटाया था। उन्होंने उस दौरान कुछ प्रावधान राज्य विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता के विपरीत और कुलपति के चयन में कुलाधिपति (राज्यपाल) के अधिकार को कमतर किए जाने सहित कई आपत्तियां लगाई थी। अशासकीय महाविद्यालयों की संबद्धता को लेकर भी सवाल उठाया गया था। राजभवन से विधेयक को पुनर्विचार के लिए लौटाए जाने के बाद बताया गया कि कुछ आपत्तियों को दूर कर उसे फिर से भेजा गया है।

# मंदिर में चोरी करने वाला चढ़ा पुलिस के हत्थे

**सामान बरामद**

**8 आरोपित को गिरफ्तार करते हुए उसके पास से चोरी का सामान भी बरामद कर लिया है।**



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**

कनखल थाना पुलिस ने मंदिर में चोरी करने के आरोपित को गिरफ्तार करते हुए उसके पास से चोरी का सामान भी बरामद कर लिया है। पुलिस ने आरोपित का चालान कर दिया है।

जानकारी के मुताबिक अशोक विहार राजागार्डन, कनखल निवासी सोहन लाल मलासी पुत्र मनीराम मलासी ने रामेश्वर मंदिर में चोरी होने की तहरीर देते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमा दर्ज करने के बाद चोरों की तलाश में जुटी पुलिस ने क्षेत्र के आसपास के सीसीटीवी कैमरों को चेक किया। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अभिषेक उम्र 19 वर्ष पुत्र पवन निवासी मोहल्ला रविदास बस्ती जगजीतपुर, थाना कनखल को चोरी के समान के साथ खोखरा तिराहे से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपित के पास से मंदिर से चोरी की गई मूर्तियां व पूजा का सामान बरामद कर उसका चालान कर दिया है।

### पाल स्टोन क्रेशर के स्वामी महेश पाल का निधन

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**

शहर के प्रमुख उद्योगपति व पाल स्टोन क्रेशर के स्वामी महेश पाल का 70 वर्ष की उम्र में शुक्रवार सुबह दिल्ली के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह लंबे समय से कैंसर से पीड़ित थे। महेश पाल का जन्म 8 अगस्त 1956 को हल्द्वानी शहर में हुआ था। वह पाल परिवार के सात भाइयों में तीसरे नंबर के भाई थे। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार शाम तक उनका पार्थिव शरीर हल्द्वानी पहुंच जायेगा। कल शनिवार सुबह 9 बजे राजपुरा घाट में उनका अंतिम संस्कार होगा।

# संत-महापुरुषों के सानिध्य में मनाया गया आश्रम का स्थापना दिवस



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**

भारतमाता पुरम स्थित पुरुषार्थ आश्रम का स्थापना दिवस शुक्रवार को संत-महापुरुषों के सानिध्य में धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान इक्कीस विद्वान ब्राह्मणों द्वारा हवन यज्ञ कर विश्व कल्याण की कामना की गई।

इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुरुषार्थ आश्रम के अध्यक्ष महामनीषी निरंजन स्वामी महाराज ने कहा कि संत परंपरा सनातन संस्कृति की वाहक है। सनातन धर्म को सर्वोच्च शिखर पर ले जाना ही संतों का मूल उद्देश्य है। भारत अपनी सांस्कृतिक विरासत और सनातन पद्धति के माध्यम से वर्तमान में पूरे विश्व का मार्गदर्शन कर रहा है। संत-महापुरुष अपने तप और विद्वत्ता के माध्यम से विश्व भर में भारतीय संस्कृति और सनातन धर्म का प्रचार-प्रसार कर धर्म की पताका को फहरा रहे हैं। वह दिन दूर नहीं जब भारत स्वयं को विश्व गुरु के रूप में गौरवान्वित करेगा।

# राज्य की तस्वीर को बदलेंगी सरकार की विकास योजनाएं: सतपाल महाराज

**मील का पत्थर**

**8 तस्वीर बदलने के साथ-साथ अगली सदी को उत्तराखंड की सदी बनाने में मील का पत्थर साबित होंगी।**



**पौड़ी/बीरोंखाल/टीम एक्शन इंडिया**

मंत्री और चौबट्टाखाल विधायक सतपाल महाराज ने शुक्रवार एक कार्यक्रम में कहा कि सरकार की विकास योजनाएं उत्तराखंड की तस्वीर बदलने के साथ-साथ अगली सदी को उत्तराखंड की सदी बनाने में मिल का पत्थर साबित होंगी।

शुक्रवार को लोक निर्माण, पर्यटन, सिंचाई, पंचायतीराज, ग्रामीण निर्माण, जलागम, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री और चौबट्टाखाल विधायक सतपाल महाराज ने क्षेत्र भ्रमण के तीसरे दिन ब्लाक मुख्यालय बीरोंखाल में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान लोक निर्माण, सिंचाई, और पंचायत विभाग की 1926.56 लाख की लागत की योजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरे विश्व में देश का सांस्कृतिक वैभव बढ़ रहा है। चन्द्रयान और सूर्ययान मिशन की सफलता के साथ-साथ देश में जी-20 के शानदार आयोजन से भारत का चारों ओर यशोगान हो रहा है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में उत्तराखण्ड की डबल इंजन सरकार राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध होकर निरन्तर कार्य कर रही है।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

टेण्डर नं.DEN-IV/Publication/23 दिनांक: 24.11.2023

[illegible] www.ireps.gov.in पर देखें।

| | | | |
|---|---|---|---|
| टेण्डर संख्या | 222-DRM-MB-23-24, Dt.23.11.2023 | | |
| कार्य का नाम | Complete turnout renewal by T-128 machine and allied miscellaneous track work under DEN/IV/MB. Chargeable to sanction estimate no. 138/2023 & 153/2023 (NRSK/SF). | | |
| टेण्डर क्लोजिंग दिनांक | 19.12.2023 | टेण्डर क्लोजिंग समय | 16:00 |
| अनुमानित लागत | 82,01,450.54 | धरोहर राशि | 1,64,000.00 |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 8 माह | बिडिंग आरंभ तिथि | 05.12.2023 |

3713/23

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मण्डल अभियन्ता/III/मुरादाबाद द्वारा ई टेण्डर निम्न टेण्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेण्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| | | | |
|---|---|---|---|
| टेण्डर संख्या दिनांक | 233-DRM-MB-23-24 dt. 24.11.2023 | | |
| कार्य का नाम | Trial of Continuous Broken Rail Detection System on track 9.55 km section on 60 kg track in MB Division. | | |
| टेण्डर क्लोजिंग दिनांक/समय | 21.12.2023 16:00 | | |
| अनुमानित लागत | 1,43,25,000.00 | | |
| धरोहर राशि | 2,21,600.00 | बिडिंग स्टार्ट तिथि | 07.12.2023 |
| आफर की वैधता | 60 दिन | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 14 माह |

नं. - 74-W/2/3/WA/Publication दिनांक : 24.11.2023 3719/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल अभियन्ता/8/मुरादाबाद द्वारा ई-टेंडर निम्न टेंडर संख्या के अंतर्गत आमंत्रित किये जाते है। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चेक डिपॉजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेंडर संख्या/दिनांक | 230-DRM-MB-23-24 Date: 23.11.2023 | 231-DRM-MB-23-24 Date: 23.11.2023 |
|---|---|---|
| कार्य का नाम | Civil Work in connection with provision of RGM/ Track machine Siding at MST, MKH, RBD, DLQ & JBG Under Sr. DEN/I/MB | AT Welding of R-260, 60kg/90UTS & 52kg/ 90UTS Rails with Railway Portion Under ADEN/ HR-II |
| टेंडर क्लोजिंग दिनांक/समय | 18.12.2023 (16:00 बजे) | 18.12.2023 (16:00 बजे) |
| अनुमानित लागत | ₹1,57,98,070.92 | ₹51,18,976.71 |
| धरोहर राशि | ₹2,29,000.00 | ₹1,20,400.00 |
| बिडिंग आरंभ तिथि | 04.12.2023 | 04.12.2023 |
| ऑफर की वैधता | 60 दिन | 60 दिन |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह | 06 माह |

सं.: 74-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 23.11.2023 3701/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

वरिष्ठ मण्डल संकेत एवं दूरसंचार अभि./उत्तर रेलवे, मुरादाबाद, कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्यो के लिए खुली निविदा ई-टेंडरिंग प्रणाली के माध्यम से आमन्त्रित करते है।

| सं. | निविदा संख्या और कार्य का विवरण | लगभग लागत (रु.) | अग्रिम धन (रु.) | निविदा फार्म की लागत (रु.) | निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए अंतिम तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 33-SIG-SNT-MB-KXK-22-23 रिप्लेसमेंट ऑफ KXK यार्ड इन कनेक्शन विद एडिशनल लूप लाइन एंड HL PF | 93,45,568.55 | 1,86,900.00 | Nil | 18.12.2023, 15:00 बजे |

नोट:- निविदा का पूरा विवरण www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है।

सं.: 33R-SIG-SNT-MB-KXK-22-23 दिनांक: 23.11.2023 3689/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**ई-नीलामी**

- मुरादाबाद मंडल से शुरू होने वाली ट्रेनों के 2 एस.एल.आर. 19020 (F-I), 18478 (F-I) के पार्सल स्पेस को लीज पर 2 साल की अवधि के लिए लेने हेतु ई-नीलामी के तहत दिनांक 08.12.2023 (Timings : 10:00 am) को बोली आमंत्रित करने हेतु सूचना हिंदी एवं अंग्रेजी में संलग्न कर प्रकाशन हेतु आपके पास भेजी जा रही है। इसके लिए विस्तृत नियम और शर्तें www.ireps.gov.in वेबसाइट पर ही उपलब्ध है।

3715/23

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## न्यूज फ्लैश

### 12 वर्षीय नाबालिगा लापता

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**करनाल में** 12 वर्षीय नाबालिगा संदिग्ध हालात में लापता हो गई। नाबालिगा के माता-पिता का कई साल पहले देहांत हो चुका है और वह अपनी दादी के साथ रह रही थी। दादी ने पोती की तलाश भी की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। दादी ने अज्ञात महिला पर उसकी पोती को गायब करने का शक जाहिर किया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज नाबालिग की तलाश शुरू कर दी है।

नाबालिग 7वीं कक्षा की छात्रा है। गुरुवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे 12 वर्षीय नाबालिग घर से गायब हुई। दादी को जब पोती घर पर दिखाई नहीं दी तो उसकी आस पड़ोस के घरों में तलाश की। उसकी सहेलियों और जानकारों को भी कॉल किया। दादी को इंतजार था कि उसकी पोती घर आ जाएगी, लेकिन देर शाम तक जब वह नहीं लौटी। इसके बाद पुलिस को शिकायत दी है।

दादी ने एक औरत पर शक जताया है। उन्होंने पुलिस को बताया है कि बीते कल उसके घर पर एक अज्ञात महिला आई थी। वह औरत कान्हा जी को मांग रही थी। उसे शक है कि वही औरत उसकी पोती को लेकर गई है।

जांच अधिकारी मनजीत ने बताया कि नाबालिगा के लापता होने की शिकायत मिली है। शिकायत के आधार पर गुमशुदगी रपट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी गई है।

### बेरोजगारी भत्ता के लिए आवेदन आमंत्रित

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**हरियाणा** रोजगार विभाग द्वारा चलाई जा रही शिक्षित बेरोजगारों के लिए बेरोजगारी भत्ता योजना के तहत प्रत्येक वर्ष की भाती इस वर्ष भी 1 नवंबर से सरल पोर्टल पर आवेदन स्वीकार करने की प्रकिया शुरू हो गई है। उपायुक्त अनीश यादव ने बताया कि इस योजना के तहत लाभ प्राप्त करने के इच्छुक प्रार्थी सरल पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन कर आवश्यक दस्तावेज 30 नवंबर सांय 5 बजे तक जिला रोजगार कार्यालय में जमा करवा सकते हैं।

### नशा मुक्ति के क्षेत्र में राज्य पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**उपायुक्त** अनीश यादव ने बताया कि हरियाणा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने नशा मुक्ति के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति, संस्थान या नशा मुक्ति केन्द्र को वर्ष 2023-24 के लिए राज्य पुरस्कार प्रदान करने हेतु आवेदन आमंत्रित किए हैं। आवेदन पोर्टल के माध्यम से आमंत्रित किए गए हैं। ऑनलाइन आवेदन की अन्तिम तिथि 18 दिसंबर 2023 है। केवल विभागीय वेबसाइट के माध्यम से ही ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किये जाएंगे। उक्त श्रेणियों में जिला के इच्छुक आवेदनकर्ता अधिक जानकारी के लिए विभागीय वेबसाइट पर सम्पर्क कर सकते हैं तथा ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### राज्य ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार की अंतिम तिथि 2 दिसम्बर

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**अतिरिक्त** उपायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने बताया कि औद्योगिक, वाणिज्य राजकीय संस्थागत, समूह, आवासीय भवनों को ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में श्रेष्ठ उपाय करने व तकनीक अपनाने, ऊर्जा दक्षता हासिल करने के दृष्टिगत राज्य ऊर्जा संरक्षण पुरस्कारों से अलंकृत किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग एवं हरियाणा की ओर से वर्ष 2022-23 के लिए विभिन्न श्रेणियों के पात्र उपभोक्ताओं से आवेदन मांगे गए हैं। और प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। आवेदन करने की अंतिम तिथि 2 दिसम्बर, 2023 निर्धारित की गई है।

अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि इनोवेशन, नई प्रौद्योगिकी, अनुसंधान एवं विकास परियोजनाएं जिसमें नवीन परियोजना शामिल हों, ऊर्जा संरक्षण से अनुसंधान और नवाचार ऊर्जा दक्षता अपशिष्ट से ऊर्जा एवं नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र, कुशल प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन में श्रेष्ठ कार्य करने वाली संस्थाएं इसके लिए आवेदन कर सकती हैं। राज्य ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार में नकद राशि, स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। ऑनलाइन आवेदन वेबसाईट पर किया जा सकता है।

# तनाव प्रबंधन के लिए जरूरी है समय प्रबंधन : डॉ महासिंह

## समय एवं तनाव प्रबंधन पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। चौधरी** चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत विस्तार शिक्षा संस्थान नीलोखेड़ी में शुक्रवार को विस्तार अधिकारियों के लिए समय एवं तनाव प्रबंधन विषय पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। समापन समारोह में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र, करनाल के कोर्डिनेटर डॉ. महा सिंह ने बतौर मुख्यतिथि शिरकत की।



डॉ. महा सिंह ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में तनाव प्रबंधन हम सभी के लिए बहुत आवश्यक विषय है, क्योंकि तनाव बढ? के कारण हम अपने निजी व पेशेवर जीवन में बेहतर प्रदर्शन नहीं कर पाते हैं और हमारे स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने बताया कि विस्तार अधिकारियों के लिए यह विषय बहुत ही उपयुक्त है क्योंकि एक विस्तार अधिकारी को एक साथ कई कार्य करने होते हैं इसलिए उनके लिए समय एवं तनाव प्रंबधन बहुत आवश्यक है।

संस्थान के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. संजय कुमार ने कहा कि यह संस्थान वाईस-चांसलर प्रोफेसर बी. आर. कांबोज, चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के नेतृत्व में उत्तर भारत के राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के कृषि, उद्यान, पशु-पालन, मत्स्य पालन, वानिकी, महिला एवं बाल विकास इत्यादि विभागों के विस्तार अधिकारियों को प्रशिक्षण देने का काम कर रहा है।

हर तरह का वित्तीय सहयोग देने के लिए विस्तार निदेशालय, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार की भी सराहना की। उन्होंने विश्वविद्यालय के कुलसचिव एवं विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. बलवान सिंह मंडल का भी धन्यवाद किया।

## मानव सेवा संघ में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर एवं सम्मान समारोह 26 नवंबर को

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**प्रति वर्ष** की भांति 26 नवंबर को करनाल मानव सेवा संघ में पूर्व सैनिक स्व. कली राम खिप्पल जी की स्मृति में राष्ट्र स्तरीय सम्मान समारोह, 476वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

कार्यक्रम में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय विधि संकाय के निदेशक प्रोफेसर दलीप कुमार, उप मंडल अधिकारी इंद्री अशोक कुमार शर्मा और जिला शिक्षा अधिकारी रोहतास वर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे, जबकि भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी करनाल के सचिव कुलबीर सिंह मलिक कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। करनाल मानव सेवा संघ के संचालक स्वामी श्री प्रेम मूर्ति जी का आशीर्वचन होगा। माता जी श्रीमती मूर्ति देवी जी का आशीर्वाद प्राप्त होगा। कमलेश सोनी, धर्मेंद्र सोनी और रजनीश कांत मिश्रा अति विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

मंच का संचालन नरेश सैनी और ममता शर्मा द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम व्यवस्था में विनोद कुमार वर्मा, नवीन वर्मा, पुष्पा, निशा, सुषमा, अंजू, गीता, दिव्या वर्मा, अक्षय वर्मा, याशिका, पार्थ, दीक्षा, केशव आदि का विशेष योगदान रहेगा।

163 बार रक्तदान और 78 बार प्लेटलेट्स दान कर चुके हरियाणा पुलिस के उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा 475 स्वैच्छिक रक्तदान शिविरों के माध्यम से 17496 रक्त इकाई सरकारी अस्पतालों को उपलब्ध करा चुके हैं, जिसका लाभ 52488 लोगों को मिला है।

## 'नीलोखेड़ी के सभी बीएलओ 25 व 26 को मतदान केन्द्रों पर सुबह 9 से 5 बजे तक रहेंगे उपस्थित'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**अतिरिक्त उपायुक्त** डॉ.वैशाली शर्मा ने लघु सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में 19-नीलोखेडी विधानसभा चुनाव क्षेत्र के सभी सहायक निर्वाचक पंजीयन अधिकारी, सभी समर्पित सहायक निर्वाचक पंजीयन अधिकारियों तथा सभी निर्वाचन सुपरवाईजरों की बैठक ली। अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने सभी सहायक निर्वाचक पंजीयक अधिकारियों को हिदायत दी कि वह सार्वजनिक सरकारी भवनों व इमारतों की दिवारों पर मत बनवाने तथा मतदान करने बारे स्लोगन नारे लिखवाएंगे व महिला मतदाताओं को मतदान करने बारे अधिक से अधिक मुनादी के माध्यम से जागरूक करेंगे। सभी समर्पित सहायक निर्वाचक पंजीयन अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र के महाविद्यालय तथा वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मे पात्र छात्र-छात्राओं



के अतिरिक्त अन्य पात्र व्यक्तियों के नाम भी मतदाता सूची में दर्ज करने तथा मतदान प्रोत्साहित हेतु विभिन्न

विशेष गतिविधियो द्वारा अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करवाऐंगे। उन्होंने सभी सुपरवाईजरों को कहा कि भारत निर्वाचन आयोग व मुख्य निर्वाचन अधिकारी, हरियाणा, चण्डीगढ़ के निर्देशानुसार 1 जनवरी 2024 को क्वालीफाइंग तिथि मानकर पूर्ण संक्षिप्त पुनरीक्षण के तहत हलका नीलोखेड़ी के सभी बी.एल.ओ. 25 नवंबर व 26 नवंबर को अपने-अपने मतदान केन्द्रों पर सुबह 9 से 5 बजे तक उपस्थित रहेंगे, जिसमें सभी बी.एल.ओ. आमजन से दावे तथा आपत्तियां प्राप्त करेगें व मतदाता सूचियों में शुद्धिकरण संबंधी कार्य भी बी.एल.ओ. ऐप के माध्यम से करेंगे। सभी बी.एल.ओ. नई वोट के लिए कम से कम 20 युवा पात्र मतदाताओं के फार्म नंबर 6 भरेगें तथा मृतक अनुपस्थित, डबल वोट व स्थाई तौर पर स्थानांतरित मतदाताओं के फार्म नंबर 7 भरेगें।

## कैदी की उपचार के दौरान मौत, सोनीपत जेल से किया था करनाल ट्रांसफर

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**जिला** जेल में बंद एक कैदी की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक दुष्कर्म व एससीएसटी एक्ट की धाराओं में सजा काट रहा था। मृतक सोनीपत जिला के बिलंदपुर गांव का रहने वाला था। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

रामनगर थाना के प्रभारी सुशील कुमार ने बताया कि 61 वर्षीय प्रेम सिंह पर दुष्कर्म, षड्यंत्र रचने और एससीएसटी एक्ट की धाराएं लगी हुई थी। पुलिस ने आरोपी प्रेम सिंह को एक अगस्त 2022 को गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद सोनीपत जेल से आरोपी को



करनाल जेल में ट्रांसफर किया गया था।

सुशील कुमार ने बताया कि जेल में बंद प्रेम सिंह कई दिनों से बीमार चल रहा था। हालात ज्यादा गंभीर होने पर प्रेम को कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में एडमिट करवाया गया था। शुक्रवार की सुबह ईलाज के दौरान प्रेम की मौत हो गई। जेल प्रबंधन की तरफ से मृतक के परिजनों को सूचना दी गई। इसके बाद परिजन कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज स्थित मोर्चरी हाउस में पहुंचे। सुशील कुमार ने बताया आज दोपहर को परिजनों के आने के बाद बोर्ड के द्वारा मृतक प्रेम का पोस्टमार्टम करवाया गया।

## आर्मी ऑफिसर की गाड़ी हुई चोरी, घटना सीसीटीवी कैमरे में हुई कैद

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**सेक्टर-14 में** आर्मी ऑफिसर की गाड़ी चोरी हो गई। आर्मी ऑफिसर ने अपने साले को गाड़ी दी हुई थी। घटना पड़ोसी के घर पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। सीसीटीवी के मुताबिक महज दो मिनट में ही चोरों ने गाड़ी चुरा ली और मौके से फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

आर्मी ऑफिसर के साले गुरदीप सिंह ने बताया कि बुधवार रात करीब साढ़े नौ बजे घर के बाहर क्रेटा गाड़ी खड़ी की थी। वह हर रोज गाड़ी घर के बाहर ही खड़ी करता था। गुरुवार सुबह सात बजे उठा तो कार चोरी हो चुकी थी। उसने आसपास के लोगों से भी गाड़ी के बारे में पता किया, लेकिन कुछ भी सुराग नहीं लगा। बाद में उसने देखा की उसके पड़ोसी के घर के बाहर सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं। इस पर उसने पड़ोसी के घर पर लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किए। इन कैमरों में चोर गाड़ी ले जाते हुए दिखे। गाड़ी के अंदर ही 10 हजार का कैश, मोबाइल फोन और दस्तावेज रखे हुए थे।

अलसुबह करीब 4 बजकर 9 मिनट पर एक गाड़ी गुरदीप के घर के सामने आकर रूकी। गाड़ी से



दो लोग उतरे और क्रेटा गाड़ी को खोलने का प्रयास किया। दो मिनट में ही चोर गाड़ी की खिडकी खोलने में कामयाब हो गए। आरोपी 4 बजकर 11 मिनट पर खिडकी खोलकर गाड़ी में बैठे और गाड़ी को स्टार्ट करके ले गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आर्मी ऑफिसर सुरेंद्र का परिवार सेक्टर 14 में ही रहता है। यहीं पर उसका साला गुरदीप पर भी रहता है। मौजूदा समय में सुरेंद्र की ड्यूटी जम्मू में लगी हुई है। सुरेंद्र ने अपने साले को क्रेटा गाड़ी दे रखी थी। गुरदीप इसी गाड़ी से अपनी बहन के बच्चों को स्कूल से लेकर आता और छोड? जाता था। इन्होंने इस गाड़ी को महज 11 महीने पहले ही खरीदा था।

पड़ोस में रहने वाली महिला शालू ने बताया कि सुबह सात बजे उनके पड़ोसी उनके घर पर सीसीटीवी कैमरा चेक करने के लिए आए थे। महिला ने बताया कि यहां से पहले भी एक गाड़ी चोरी हो चुकी है। महिला का कहना है कि पुलिस को गश्त बढ़ानी चाहिए, क्योंकि कॉलोनी में बहुत सी महिलाएं अपने घरों में अकेली होती हैं। ऐसे में पीछे से कोई भी बड़ी घटना को भी अंजाम देकर जा सकता है। पुलिस के जांच अधिकारी राजकुमार ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच शुरू कर दी गई है।

## दीघार्यु व सुखी जीवन का आधार ही योग है : दिनेश गुलाटी



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**योग गुरु** दिनेश गुलाटी द्वारा मेरा मिशन स्वस्थ भारत के अंतर्गत आईसीएआरए गेहूं एवं जो अनुसंधान केंद्र में योग करवाया गया। अनुसंधान केंद्र के निदेशक डॉ. ज्ञानेंद्र सिंह के नेतृत्व में यहां सभी वैज्ञानिक और प्रशिक्षणार्थी प्रतिदिन योगाभ्यास कर रहे हैं। दिनेश गुलाटी ने बताया कि आधुनिक जीवन में तो योग का महत्व और भी बढ़ जाता है। सभी वैज्ञानिक योग का महत्व समझते हुए अपनी व्यस्त दिनचर्या में से समय निकालकर योग कर रहे हैं। उनका कहना है कि योग उन्हें दिनभर ऊजार्वान रखता है, कार्य क्षमता को बढ़ाता है और दैनिक जीवन में कई तरह के तनाव और डिप्रेशन से दूर रखता है।

उन्होंने कहा कि योग को केवल कुछ दिन तक सीमित न रखें, अपितु इसे जीवन में अपनाने का प्रयास करें। आज के इस व्यस्त जीवन में तो योग की महत्ता और भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि शरीर को स्वस्थ रखना हमारा लक्ष्य होना चाहिए और इसकी प्राप्ति के लिए लोग विभिन्न तरीके अपनाते हैं, पर योग इन सबसे बेहतर है। क्यूंकि योग शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक विकास का साधन है। दीघार्यु व सुखी जीवन का आधार ही योग है। योग कक्षा में लोगों का उत्साह देखते ही बना और उन्होंने योग की विभिन्न विधाओं का ज्ञान लिया।

## एसपी ने सुरक्षा के दृष्टिगत बैंक, पैट्रोल पम्प व ज्वेलर्स एसोसिएशन के साथ की मीटिंग

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**लघु** सचिवालय के सभागार में पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन की अध्यक्षता में जिले की सभी बैंकों के सुरक्षा अधिकारियों, पैट्रोल पम्प व ज्वेलर्स एसोसिएशन के साथ सुरक्षा संबंधी एक मीटिंग आयोजित की गई। इस मीटिंग में जिला करनाल के उपरोक्त एसोसिएशन के पदाधिकारियों व सदस्यों को वर्तमान हालातों को मध्यनजर रखते हुए सुरक्षा के नजरिये से पुलिस महत्वपूर्ण निर्देश व सुझाव दिए गए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने इन एसोसिएशन की समस्याओं को विस्तार से जाना। समस्याओं को जानने उपरांत उन्होंने अधिकतर समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया और बाकी की समस्याओं का जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया।

## नहर में मिला युवक का शव, कुरुक्षेत्र में लगाई थी छलांग

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**जिले के** गांव चमारखेड़ा के पास 4 दिन से लापता युवक का शव नहर से बरामद हुआ। युवक ने 20 नवंबर को कुरुक्षेत्र के मिजार्पुर गांव के पुल से नहर में छलांग लगाई थी। युवक मूल रूप से कैथल का रहने वाला था। वह विदेश न जा पाने के कारण मानसिक रूप से परेशान था।

मृतक की पहचान कैथल के बरसाना गांव के रहने वाले 22 वर्षीय पवन के रूप में हुई है। चार दिन पहले उसने कुरुक्षेत्र के गांव मिजार्पुर के पास नहर



में छलांग लगा दी। राहगीरों ने इसकी सूचना पुलिस को दी थी। मौके से युवक के कपड़े, मोबाइल और बाइक बरामद हुई थी। इसके बाद पवन के परिजनों को सूचित किया गया। गोताखोर प्रगट सिंह ने बताया कि पिछले 4 दिन से पवन के परिजन युवक को करनाल कुरूक्षेत्र नहर में ढूंढ रहे थे। जिसके चलते पुलिस व उनके द्वारा नहर में सर्च ऑपरेशन भी चलाया गया था, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। आज सुबह करीब 10 बजे उन्हें सूचना मिली की गांव चमार खेड़ा के पास एक युवक का शव नहर में बह रहा है। इसके बाद वह मौके पर पहुंचे और शव को बाहर निकाला।

पवन के परिजनों ने बताया कि पवन विदेश में जाकर पैसा कमाने चाहता था। उसने तीन बार डोंकी के रास्ते विदेश जाने की कोशिश की, लेकिन हर बार उसे वापस भेज दिया जाता था। इसके चलते वह मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। अब दोबारा 20 नवंबर को ही भारत वापस लौटा था। इसके बाद वह घर आया और बाइक उठाकर कहीं पर निकल गया। इसके बाद उन्हें सूचना मिली कि पवन ने नहर में छलांग लगा दी है। सदर थाना के जांच अधिकारी ऋषिपाल ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम हाउस में भिजवा दिया है।

## इंसान का आचरण ही उसकी असल पहचान: स्वामी

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**स्वामी अखिलेश्वारानंद** सरस्वती ने इंसान के आचरण को परिभाषित करते हुए कहा है कि इंसान का आचरण उसकी असल पहचान है, इंसान कैसे बोलता है, दूसरों से कैसे व्यवहार करता है, यह उसके संग और कुसंग पर निर्भर करता है। इसलिए इंसान को मित्रता करते समय विशेष रूप से सजग रहना चाहिए। उसे ये अच्छे से समझ लेना चाहिए कि जिस व्यक्ति से संबंध जुड? जा रहा है, वह संग है या कुसंग।

श्री रामकथा प्रसंग के दौरान भगवान श्री राम को सबसे अधिक प्रेम करने वाली माता कैकेयी को मंथरा ने भडका दिया तो उसने



उसके कुसंग के कारण अपने दो वचन राजा दशरथ से मांग लिए, पहले वचन में श्री राम को 14 बरस का बनवास और दूसरे वचन में श्री भरत का राज्याभिषेक। इसलिए इंसान को सोच समझकर विवेकशील लोगों से ही संगत करनी चाहिए।

देश विदेश में श्री रामकथा का प्रवचन करने वाले सरल स्वभाव के लिए प्रख्यात स्वामी अखिलेश्वरानंद सरस्वती सदर बाजार स्थित रघुनाथ मंदिर में श्री रामकथा के दौरान इंसान के आचरण के साथ साथ संत समागम की महता बता रहे हैं। उन्होंने एक दोहे के माध्यम से इस तरह बताया कि सुत, दारा और लक्ष्मी पापी के भी होय, संत समागम हरि कथा तुलसी दुर्लभ दोय। अर्थात लक्ष्मी व लक्ष्मी से प्राप्त सभी संपन्नता, पापियों के घर भी होती है, लेकिन संतों का समागम, हरिकथा दोनों दुर्लभ हैं। ये केवल संत प्रवृति के लोगों, सज्जनों के घर ही होती है, वहां प्रभु की विशेष कृपा बरसती है। उन्होंने कहा कि कलियुग में केवल नाम ही आधार है, इसलिए श्री राम का नाम लेते चलो, प्रभु पर पूरा विश्वास रखो। इंसान का जीवन कर्मों पर आधारित है, हर समय दूसरों का अच्छा करो, भला सोचो, नीयतन साफ रखो। इंसान का पूरा जीवन बुआई और कटाई पर आधारित है। आप जैसा बोएंगे वैसा ही काटेंगे, इसलिए हर समय अपने कर्म के प्रति सजग रहें। कोई ऐसा काम ना करें, जिसके लिए आपको बाद में पछताना पड़े। मौके पर स्वामी अखिलेश्वरानंद सरस्वती ने सभी भक्तों को तुलसी विवाह और देवउठनी एकादशी की बधाइयां दी और कार्तिक माह को भगवान का सबसे प्रिय माह बताया।

## 2024 के चुनावों में देश व प्रदेश में फिर बनेगी भाजपा सरकार: प्रवीन लाठर

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**भाजपा** कर्ण मंडल अध्यक्ष साहिल मदान ने भाजपा जिलाध्यक्ष योगेन्द्र राणा से विचार विमर्श करके अपनी कार्यकारिणी का गठन कर दिया है। जानकारी अनुसार मण्डल प्रभारी प्रवीन लाठर, सुनील गोयल महामन्त्री की अध्यक्षता में की गई बैठक में मुख्य रूप से निशांत शानू मौजूद रहे। करण मंडल की कार्यकारिणी में अशोक ढींगरा, मुकेश सलूजा, सुनील मदान, सतीश कश्यप को मंडल उपाध्यक्ष एवं अजय कश्यप, मुदित आर्य को महासचिव बनाया गया है। इसी



प्रकार मंडल सचिव का पद विकास महंत, प्रीतपाल, आकाश अरोड़ा, शिल्पी दत्ता को दिया गया है। आईटी हेड सुनील ग्रोवर, मीडिया प्रमुख अनिल खुराना, सोशल मीडिया प्रमुख संदीप ढींगरा, कार्यालय प्रमुख अशोक बहल एवं केशियर करण जैन को बनाया गया है। इसके अतिरिक्त कर्ण मंडल मे युवा मोर्चा अध्यक्ष सचिन सैनी, महामन्त्री रजत पाहवा, महिला मोर्चा अध्यक्षा सुनीता माटा, एससी मोर्चा अध्यक्ष कुमार ऋषि, किसान मोर्चा अध्यक्ष विक्रम देसवाल को इसकी जिम्मेदारी दी गई है।

